हरिभूमि

सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 15 मार्च 2026

06 नर्मदा को संकट में देख माइनिंग अफसर...



09 पिछले सिलेंडर की डिलीवरी के 25 दिन बाद बुक हो...





## खबर संक्षेप

### एमपी टास्क पोर्टल पर 15 मार्च से बंद हो जाएंगे आवेदन

**सीहोर।** शासन द्वारा अनुसूचित जाति प्री मैट्रिक एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनांतर्गत शैक्षणिक वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 के नवीन एवं नवीनीकरण आवेदन के लिए MPTAASC पोर्टल को 15 मार्च 2026 से बंद करने के निर्देश दिए गए हैं, इसलिए वे सभी पात्र विद्यार्थी जो अभी तक आवेदन नहीं कर पाएं है वे 15 मार्च से पहले अपना आवेदन जमा कर दें।

### निशुल्क प्रवेश के लिए पहले दिन ही उमड़े अभिभावक

**सीहोर।** शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम के तहत सत्र 2026-27 में निजी स्कूलों की प्रथम प्रवेशित कक्षा में निशुल्क प्रवेश के लिए शुरू हुई ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया के पहले ही दिन अभिभावकों में खासा उत्साह देखने को मिला। शुक्रवार को शाम 6:30 बजे तक 22 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके थे। राज्य शिक्षा केंद्र के संचालक हरजिंदर सिंह ने आरटीई पोर्टल का स्क्रीन शॉट साझा करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पहले ही दिन इतनी बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त होना अभिभावकों में शिक्षा के प्रति बढ़ती जागरूकता को दर्शाता है। आवेदन की संख्या और बढ़ने की संभावना है। सत्र 2026-27 के लिए आरटीई के तहत निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 28 मार्च निर्धारित की गई है।

### होटल संचालकों ने अपने प्रतिष्ठानों के सामने अस्थाई भट्टियां तैयार कर ली

# गैस संकट : लोहे की कोठियों में छेद कर जलाईं भट्टियां, लकड़ी की आग पर चल रहे होटल-ढाबे

### कॅमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई बंद, रोज़ी-रोटी बचाने होटल संचालकों का देसी जुगाड़ लकड़ी-कोयले पर बन रहा चाय-नाश्ता और भोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर/भैरुंदा






नगर में कमर्शियल गैस सिलेंडरों की आपूर्ति ठप पड़ने से बाजार की रसोइयों में संकट गहरा गया है। होटल, ढाबे और चाय की दुकानों के सामने कारोबार बंद करने जैसी स्थिति बन गई थी, लेकिन रोज़ी-रोटी बचाने की मजबूरी ने संचालकों को देसी जुगाड़ का सहारा लेने पर मजबूर कर दिया। गैस चूल्हों की जगह अब लोहे की पुरानी कोठियों, कबाड़ के ड्रम और ईंट-मिट्टी से तैयार अस्थायी भट्टियां धधकती नजर आ रही हैं। इन्हीं भट्टियों में लकड़ी और कोयले की आग पर चाय, पोहा, कचौरी से लेकर सब्जियां और भोजन पकाया जा रहा है।

नगर के बस स्टैंड, सीहोर नाका, जेपी मार्केट और आसपास के कई इलाकों में होटल संचालकों ने अपने प्रतिष्ठानों के सामने अस्थायी भट्टियां तैयार कर ली हैं। कहीं लोहे के पुराने ड्रम काटकर उनमें छेद किए गए हैं तो कहीं कबाड़ में पड़ी कोठियों को भट्टी का रूप दे दिया गया है। इन भट्टियों में नीचे की ओर छेद कर हवा के लिए रास्ता बनाया जाता है, जिससे लकड़ी तेजी से जलती है और ऊपर रखे बड़े बर्तनों में चाय और भोजन तैयार किया जाता है। सुबह से देर रात तक इन भट्टियों की आग जलती रहती है और उसी पर ग्राहकों के लिए नाश्ता और खाना तैयार किया जा रहा है।

दरअसल प्रशासनिक सख्ती के बाद कमर्शियल गैस सिलेंडरों की आपूर्ति अचानक रुकने से होटल व्यवसायियों के सामने सबसे बड़ा सवाल यही था कि रसोई कैसे चलेगी। गैस के बिना होटल और ढाबों का संचालन लगभग असंभव हो जाता है। ऐसे में कई संचालकों ने प्रतिष्ठान बंद करने की बजाय पुराने पारंपरिक तरीके अपनाने का फैसला किया। मजबूरी में तैयार की गई इन देसी भट्टियों ने फिलहाल बाजार की रसोइयों को किसी तरह जिंदा रखा हुआ है।

#### गैस नहीं तो बढ़ा खर्च और मेहनत

होटल संचालकों का कहना है कि गैस की तुलना में लकड़ी और कोयले पर खाना बनाना ज्यादा महंगा और मेहनत वाला साबित हो रहा है। रोजाना लकड़ी की व्यवस्था करना पड़ रही है, जिसके लिए आसपास के गांवों और बाजारों में तलाश करनी पड़ती है। कई संचालकों का कहना है कि गैस सिलेंडर नहीं मिलने से लागत बढ़ गई है और काम भी दोगुना हो गया है। इसके बावजूद होटल बंद करना उनके लिए संभव नहीं है, क्योंकि इससे कर्मचारियों और परिवारों की रोज़ी-रोटी पर सीधा असर पड़ेगा।

#### बिजली उपकरणों की मांग भी बढ़ी

गैस संकट का असर सिर्फ होटलों तक सीमित नहीं है। नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में घरेलू उपयोग के लिए भी गैस सिलेंडर की कमी महसूस की जा रही है। ऐसे में कई लोग पुराने तरीके अपनाते हुए मिट्टी के चूल्हे और लकड़ी की भट्टियां तैयार कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर बाजार में बिजली से चलने वाले इंडक्शन और हीटर जैसे उपकरणों की मांग अचानक बढ़ गई है। दुकानदारों के मुताबिक पिछले कुछ दिनों में इन उपकरणों की बिक्री में तेजी आई है।

#### संकट ने लौटाए पुराने दिन

कमर्शियल गैस की किल्लत ने होटल व्यवसाय को मानो वर्षों पीछे धकेल दिया है। एक समय था जब ढाबों और घरों में लकड़ी और कोयले के चूल्हों पर ही खाना पकता था, लेकिन गैस के दौर में यह तरीका लगभग खत्म हो गया था। अब अचानक पैदा हुए इस संकट ने बाजारों में पुराने दौर की तस्वीर फिर से जिंदा कर दी है। नगर के कई हिस्सों में इन दिनों भट्टियों की आग, लकड़ी के धुएं और चाय-नाश्ते की खुशबू एक साथ उठती दिखाई दे रही है। होटल संचालक उम्मीद जता रहे हैं कि कमर्शियल गैस सिलेंडरों की आपूर्ति जल्द सामान्य होगी, ताकि वे फिर से गैस चूल्हों पर लौट सकें और यह मजबूरी में अपनाया गया जुगाड़ खत्म हो सके।

#### कबाड़ से तैयार हो रही भट्टियां



नगर में कई होटल संचालकों ने कबाड़ में पड़ी लोहे की कोठियों, पुराने ड्रम और टीन के डिब्बों को काटकर भट्टियां बना ली हैं। कुछ जगह ईंट और मिट्टी से देसी चूल्हे तैयार किए गए हैं। इन भट्टियों के निचले हिस्से में लकड़ी और कोयला जलाया जाता है और ऊपर बड़े बर्तन रखकर चाय-नाश्ता और भोजन बनाया जाता है। दिनभर इन भट्टियों से उठता धुआं और लकड़ी की जलती आग बाजारों में अलग ही नजारा पेश कर रही है।

## नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने पूर्व सीएम शिवराज से नर्मदा पार्वती लिंक परियोजना को सीहोर लाने की मांग की



**सीहोर।** रविवार को प्रदेश के पूर्व सीएम और केंद्रीय मंत्री शिवराज द्वारा कलेक्ट्रेट में आयोजित दिशाजिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता की गई। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने चौहान से एनबीडीए के अंतर्गत नर्मदा-पार्वती लिंक परियोजना को सीहोर जल्द लाने की मांग की। इस मौके पर उन्होंने कहाकि नगर पालिका के द्वारा अमृत योजना के अंतर्गत आधा दर्जन से अधिक पेयजल टंकियों का निर्माण कार्य पूर्ण होने जा रहा है। इसके अलावा पीएम आवास योजना के अंतर्गत हितग्राहियों के आवास आदि निर्माण की बात भी रखी।


नगर पालिका अध्यक्ष राठौर के द्वारा पूर्व सीएम से नर्मदा-पार्वती लिंक परियोजना पर तेजी से कार्य करने पर चर्चा की गई। इस दौरान नपाध्यक्ष राठौर ने बताया कि हजारों करोड़ों की इस योजना से हर वार्ड के लोगों को नर्मदा का जल की आपूर्ति की जाएगी। उन्होंने बताया कि नगर पालिका के द्वारा आधा दर्जन से अधिक पानी की टंकियां का निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है। नर्मदा का पानी भगवानपुरा डैम से इन पानी की टंकियों के माध्यम से क्षेत्रवासियों को वितरण किया जाएगा। जिससे पानी की समस्या का समाधान हो जाएगा।

नपाध्यक्ष राठौर के नेतृत्व में करीब 32 करोड़ की अमृत योजना 2.0 से शहरवासियों को आगामी दिनों में नियमित रूप से पेयजल की सप्लाई हो सकेगी। अध्यक्ष राठौर के द्वारा 16 लाख लीटर क्षमता वाली पेयजल टंकी के निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया है। इसके अलावा आधा दर्जन टंकियों का निर्माण के साथ जर्जर पाइप लाइन से भी मुक्ति का क्रम जारी है। शहर में पेयजल समस्या के निवारण को लेकर अमृत योजना मिशन 2.0 का भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नई पाइप लाइन बिछाने के बाद 25 साल तक शहर की पानी की जरूरत को आसानी से पूरा किया जा सकेगा और जर्जर पाइप लाइन से मुक्ति मिलेगी।

## तेज़ रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक को रौंदा युवक की मौके पर मौत, साथी गंभीर घायल

### नयागांव-पड़ागांव मार्ग पर देर रात दर्दनाक हादसा, टक्कर मारकर फरार हुआ वाहन, पुलिस ने मर्ग कायम कर शुरू की जांच





हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

थाना क्षेत्र के अंतर्गत नयागांव और पड़ागांव के बीच शुक्रवार देर रात तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। भीषण हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार देर रात नयागांव–पड़ागांव मार्ग पर मोटरसाइकिल से जा रहे दो युवकों को किसी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार धारा सिंह पिता अमर सिंह बरेला (32 वर्ष) निवासी खीबनी खुर्द हरणगांव तहसील खातेगांव जिला देवास की मौके पर ही मौत हो गई।

वहीं मोटरसाइकिल पर सवार उसका साथी पूनम सिंह पिता भगवत सिंह (30 वर्ष) निवासी रिछी खुर्द तहसील खातेगांव जिला देवास गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आसपास के लोगों ने तत्काल पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां भोपाल रैफर किया गया जहां इलाज जारी है।

घटना की सूचना मिलते ही थाना भैरूंदा पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस ने मृतक का पंचनामा बनाकर परिजनों को सूचना दी। इसके बाद परिजनों की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम कराया गया और शव परिजनों को सौंप दिया गया। हादसे के बाद कुछ समय के लिए घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण और राहगीर मौके पर जमा हो गए थे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला और यातायात को सुचारू कराया। पुलिस के अनुसार टक्कर मारने वाला वाहन अज्ञात है, जिसकी तलाश की जा रही है। मामले में मर्ग कायम कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि हादसा किन परिस्थितियों में हुआ और टक्कर मारने वाला वाहन कौन सा था।

### केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज तक पहुंचा जिले का गैस संकट

## कृषि मंत्री बोले : देशवासी चिंता न करें सरकार कर रही हर संभव प्रयास




हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में गहराया घरेलू गैस सिलेंडर का संकट अब केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान तक पहुंच गया है। शनिवार को जिला मुख्यालय पहुंचे केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के सामने मीडिया ने गैस किल्लत का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। जिले में हालात इतने विकट हैं कि गैस एजेंसियों पर पुलिस के साए में ऑफलाइन नंबर लगाने पड़ रहे हैं, जिससे जनता के बीच डर और तनाव की स्थिति बनी हुई है।

बता दें जिले में पिछले कई दिनों से रसोई गैस की किल्लत बनी हुई है। आलम यह है कि गैस एजेंसियों पर शनिवार को भी लंबी-लंबी कतारें देखी गईं। ऑनलाइन नंबर नहीं लगने के कारण लोग परेशान हैं, जिसके चलते एजेंसियों पर भारी भीड़ उमड़ रही है। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस तैनात करना पड़ी और पुलिस की निगरानी में ही ऑफलाइन नंबर बांटे गए। जिला प्रशासन फिलहाल लोगों के मन से इस संकट का डर दूर करने में नाकाम साबित हो रहा है।

**शिवराज का आश्वासन, जल्द सामान्य होगी आपूर्ति:** कलेक्ट्रेट परिसर स्थित जिला पंचायत सभागार में आयोजित (दिशा) जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस संकट पर संज्ञान लिया। उन्होंने जनता को आश्वस्त करते हुए कहा देशवासी एलपीजी संकट को लेकर बिल्कुल भी चिंता न करें। भारत सरकार आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए युद्ध स्तर पर प्रयास कर रही है। जल्द ही आपूर्ति चैन सुधरेगी और स्थिति सामान्य हो जाएगी।

#### गर्मी को लेकर चिंतित दिखे शिवराज

बैठक में आगामी गर्मी को लेकर भी चर्चा हुई। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आशंका जताई कि इस साल भीषण गर्मी पड़ सकती है, जिससे पेयजल संकट गहरा सकता है। उन्होंने बीबी रामजी योजना सहित अन्य जल योजनाओं की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रशासन अभी से मुस्तैद रहे ताकि जनता को पानी के लिए न भटकना पड़े।

**पट्टा दो पर घर मत तोड़ो :** प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा के दौरान मंत्री श्री चौहान भावुक नजर आए। उन्होंने अधिकारियों को सख्त लहजे में निर्देश दिए कि किसी भी गरीब का घर न तोड़ा जाए। उन्होंने कहा भगवान ने यह धरती सबके लिए बनाई है। यदि किसी गरीब के पास पट्टा नहीं है तो उसे अपात्र न करें, बल्कि उसे पट्टा देने की कोशिश करें।

**जनप्रतिनिधियों से रखें तालमेल :** शिवराज सिंह चौहान ने अधिकारियों को दो-टूक कहा कि विकास कार्यों में जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के बीच बेहतर सामंजस्य होना चाहिए। तालमेल के अभाव में योजनाओं की जमीनी हकीकत का पता नहीं चल पाता, जिससे जनता परेशान होती है।

### आग से गेहूं की खड़ी फसल जली

**सीहोर।** जिले के ग्राम चांदबढ़ में एक खेत में अचानक आग लग गई, जिससे गेहूं की खड़ी फसल का बड़ा हिस्सा जलकर नष्ट हो गया। घटना के बाद ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर अपने स्तर पर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग बुझाने के लिए ग्रामीणों ने खेतों में पानी का छिड़काव किया और ट्रैक्टर की मदद से आग फैलने से रोकने का प्रयास किया। काफी देर की मेहनत के बाद आग पर नियंत्रण पाया गया।

आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं:फिलहाल आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। ग्रामीणों का कहना है कि तेज गर्मी और सूखी फसल के कारण आग तेजी से फैल गई। जिले में गर्मी का असर बढ़ने के साथ ही खेतों में आग लगने की घटनाएं भी बढ़ रही हैं। पिछले एक सप्ताह में नौ से अधिक खेतों में आग लगने के मामले सामने आ चुके हैं।

#### कई गांवों में लगी आग

इस सप्ताह निपानिया खुर्द, मोहाली, बडबेली, नोनीखेड़ी, धाबोटी, चार मंडली, गुड़भेला और इछावर के पास खेतों में आग लगने की घटनाएं दर्ज की गईं। झागरिया रोड पर भी एक खेत में आग लगी थी, जहां फायर ब्रिगेड ने समय रहते पहुंचकर आग पर काबू पाया।

## देश में बढ़ती हुई एलपीजी गैस की कमी और बढ़ते दामों को लेकर एनएसयूआई का अनोखा प्रदर्शन


हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




शनिवार को एनएसयूआई के छात्र नेता हरिओम सिसोदिया के नेतृत्व में देश में एलपीजी गैस की कमी और बढ़ते दामों को लेकर सीहोर पीजी कॉलेज के गेट पर छात्रों के साथ मिलकर प्रदर्शन किया गया। छात्र नेता हरिओम सिसोदिया ने बताया कि जिस प्रकार से सरकार की नाकामी की वजह से बढ़ती गैस की कमी से देश की जनता त्रस्त है एवं जनता चूल्हे पर खाना बनाने को मजबूर है साथ ही छात्र छात्राएं भी परेशान हैं।

छात्र नेता यश यादव ने कह कि अगर समय रहते गैस की कमी को पूरा नहीं किया गया तो एनएसयूआई एक बड़ा प्रदर्शन करेगी इस मौके पर मुख्य रूप से युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष देवेन्द्र ठाकुर छात्र नेता तनीष त्यागी ,अनुभाव सेन,शुभम त्यागी,केशव यादव,उदित मालवीय वंश ठाकुर, दिव्यांश मालवीय, पंकज मालवीय, यश मितौला, समीर, रुद्र वर्मा, अक्षत सैंगर, हिमांशु मितौला, कृष्ण मितौला, नमन रायखवार, दीपक बिरगोड़िया, आयुष वर्मा समस्त एनएसयूआई साथी उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**



## एडवांस टैक्स जमा करने पर नपाध्यक्ष ने किया स्वागत सम्मान

**सीहोर।** नगर पालिका में अग्रिम रूप से कर जमा करने वाले नागरिकों का प्रोत्साहन बढ़ाने के उद्देश्य से नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर द्वारा उनका पुष्पहारों से स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका कार्यालय में एक संक्षिप्त कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें समय से पहले एडवांस टैक्स जमा करने वाले विरेन्द्र कुमार जैन व अन्य नागरिकों को पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर नपाध्यक्ष ने उन सभी वरिष्ठ नागरिकगणों के प्रति भी कृत्यज्ञता व्यक्त की जिनके द्वारा नगर विकास कार्यों के लिए समय पर कर जमा किया गया है। उन्होंने कहा कि जो नागरिक अग्रिम कर जमा करते हैं, वे नगर के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं और ऐसे जिम्मेदार नागरिकों का सम्मान करना नगर पालिका का कर्तव्य है।

## भोपाल ने इंदौर को तीन विकेट से और जबलपुर ने सीहोर को हराया



**सीहोर।** शहर के बीएसआई मैदान पर नगर सेठ स्व. गेंदालाल राय स्मृति लेदर बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता के तीसरे दिन भी दो मैच खेले गए थे। इसमें पहला मैच सीसीए भोपाल ने पल्स क्रिकेट अकादमी इंदौर को तीन विकेट से हराया। इसके अलावा दूसरे मैच में जबलपुर और सीहोर डीसीए के मध्य खेला गया था। जिसमें जबलपुर ने डीसीए को 43 रन के विशाल अंतर से हराया। आयोजन समिति की ओर से अतुल त्रिवेदी ने बताया कि शुक्रवार को पहले बल्लेबाजी करने उतरी पल्स क्रिकेट अकादमी इंदौर की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 158 रन बनाए थे। इसमें जतिन ने 31, बलराम ने 19, जयंत ने 24, रितिक ने 12, युवराज ने 18 रन और मयंक ने 15 रन की पारी खेली। इधर सीसीए भोपाल की ओर से गेंदबाजी करते हुए प्रताप ने तीन विकेट, अंकित ने दो विकेट, वेदांत-शिवेन्द्र ने एक-एक विकेट हासिल किया। इसके अलावा एक अन्य मुकाबला जबलपुर और डीसीए सीहोर के मध्य खेला गया।

### केंद्रीय कृषि मंत्री बोले, फोटो-वीडियो साथ लाया हूं, दिखा दिए तो पोल खुल जाएगी

# नर्मदा को संकट में देख माइनिंग अफसर पर भड़क गए 'शिवराज'

जिले में नर्मदा नदी और अन्य क्षेत्रों में बेखौफ चल रहे अवैध उत्खनन पर नाराजगी जाहिर करते हुए शिवराज सिंह ने माइनिंग अधिकारी को जमकर फटकारा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




जिला मुख्यालय स्थित जिला पंचायत सभागार में आयोजित जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक शनिवार को उस समय भारी तनाव की स्थिति में आ गई, जब केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान बुरी तरह बिफर पड़े। माइनिंग विभाग की समीक्षा के दौरान अवैध उत्खनन का मुद्दा उठते ही श्री चौहान नाराज नजर आए। उन्होंने जिला माइनिंग अधिकारी धर्मेन्द्र चौहान से दो-टूक शब्दों में कहा कि वे नर्मदा नदी का अस्तित्व किसी भी कीमत पर खत्म नहीं होने देंगे।

जिले में नर्मदा नदी और अन्य क्षेत्रों में बेखौफ चल रहे अवैध उत्खनन पर नाराजगी जाहिर करते हुए शिवराज सिंह ने माइनिंग अधिकारी को जमकर फटकारा। जब माइनिंग के जिम्मेदारों कहा कि वे कार्रवाई करते हैं तो कृषि मंत्री श्री चौहान और भी भडक्र गए। उन्होंने सीधे कहा आपको पता भी है कि सीहोर जिले में किस तरह प्रतिबंधित पनडुब्बियों से मां नर्मदा का सीना चीरा जा रहा है। आप लोग अवैध उत्खनन रोकने में बिल्कुल भी सक्षम नहीं हैं।

**फोटो-वीडियो दिखाए तो खुल जाएगी पोल :** मंत्री श्री चौहान ने माइनिंग अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि वे केवल हवाई बातें नहीं कर रहे हैं, बल्कि उनके पास पुख्ता सबूत हैं। उन्होंने कहा कि मैं आज अपने साथ फोटो और वीडियो सब लेकर आया हूं। अगर इसे दिखा दिया तो सबकी पोल खुल जाएगी। श्री चौहान ने कहा कि इसमें वो सारी काली सच्चाई कैद है जिसे आप और आपका विभाग छिपाने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि यदि समय रहते दोषियों पर कठोरतम कार्रवाई नहीं हुई तो वे चुप नहीं बैठेंगे।

**मां नर्मदा के अस्तित्व पर संकट बर्दाश्त नहीं**

बैठक में मौजूद अधिकारियों के चेहरे उस समय उतर गए जब केंद्रीय मंत्री ने भावुक और कड़े स्वर में कहा कि नर्मदा जी केवल एक नदी नहीं हैं, वे जीवनदायिनी हैं। पनडुब्बियों के इस्तेमाल से नदी के पर्यावरण को जो नुकसान पहुंच रहा है, वह अक्षम्य है। उन्होंने निर्देश दिए कि तत्काल प्रभाव से पनडुब्बियों को जप्त किया जाए और अवैध माइनिंग माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

**तेवर देख, दिखा सन्नाटा**

शिवराज सिंह चौहान के इस आक्रामक तेवर को देख सभागार में मौजूद माइनिंग अफसरों और अन्य प्रशासनिक अमले को पसीना आ गया। काफी देर तक सन्नाटा पसरा रहा। मंत्री श्री चौहान ने स्पष्ट कर दिया कि विकास कार्यों में वे सहयोग करेंगे, लेकिन पर्यावरण और गरीबों के हक से खिलवाड़ करने वाले भ्रष्ट अधिकारियों को बख्शा नहीं जाएगा।

## आज हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा मां कर्मादेवी जयंती महोत्सव : धनराज साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

साहू समाज के अध्यक्ष जितेन्द्र साहू एवं महिला मण्डल अध्यक्ष लक्ष्मी साहू ने बताया कि प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी साहू समाज की आराध्य माँ कर्मा देवी की जयंती महोत्सव दिनांक 15 मार्च रविवार को साहू समाज द्वारा बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जावेगा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी अखलेश राय,विधायक सुदेश राय.भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाडा.नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर.सीताराम यादव सदस्य पिछड़ा वर्ग आयोग मध्य प्रदेश शासन,सन्नी महाजन वरिष्ठ भाजपा नेता. तुलसीराम पटेल भाजपा नेता. वरिष्ठ समाज सेवीका नमिता अखिलेश राय.समाज सेवीका अरुणा सुदेश राय सहित गणमान्य नागरिकों की गरिमामय उपस्थिति में कार्यक्रम का समापन होगा चलसमारोह अध्यक्ष धनराज साहू एवं चल समारोह महिला मण्डल अध्यक्ष संदीपा साहू ने बताया कि स्थानीय जगदीश मंदिर से दोपहर 3 बजे से शोभा यात्रा प्रारंभ होकर नमक चौराहा होते हुए बड़ा बाजार से मेंन रोड होते हुए जगदीश मंदिर पहुंचेगी,जहां पर मां कर्मादेवी की आरती एवं सांस्कृति कार्यक्रम के साथ आयोजन का समापन होगा। साहू समाज मीडिया प्रभारी धीरज साहू ने बताया कि इस मौके पर वरिष्ठ समाज सेवियों,महानुभूतियों, मुख्य अतिथियों एवं प्रतिभाओं का सम्मान किया जावेगा। उक्त आयोजन में सभी नगर वासियों से उपस्थित होने की अपील की गई है अपील करने वालों में प्रमुख रूप से रमेश चन्द्र साहू, डॉ.सी.एल.साहू,गिरधर गोपाल साहू, मनीष साहू रामदास साहू, अनूप साहू, संतोष साहू मंडी, राम बदन साहू लक्ष्मीनारायण साहू मण्डी,दिलीप साहू,मनोज साहू.साहू समाज अध्यक्ष जितेन्द्र साहू.साहू समाज महिला मण्डल अध्यक्ष लक्ष्मी साहू,चल समारोह अध्यक्ष धनराज साहू ,चल समारोह महिला मण्डल अध्यक्ष संदीपा साहू, सचिव स्वपनिल साहू, युवा कार्यकारिणी अध्यक्ष धर्मेश साहू,उपाध्यक्ष नीरज साहू, सहसचिव राज साहू,मीडिया प्रभारी धीरज साहू, कोषाध्यक्ष चेतन साहू, महिला मण्डल सचिव सुनीता साहू,महिला मण्डल उपाध्यक्ष कृष्णा साहू,महिला मण्डल कोषाध्यक्ष ऊषा साहू सहित साहू समाज के सभी पदाधिकारी व वरिष्ठजन शामिल हैं

## श्री सत्य साई विश्वविद्यालय में वंदे मातरम विषय पर व्याख्यान आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

श्री सत्य साई विश्वविद्यालय सीहोर में अभ्युदय भारत अभियान 2026 के अंतर्गत एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वन्दे मातरम विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया, जिसमें देशभक्ति और राष्ट्रप्रेम की भावना को प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुरेन्द्र सिंह सोलंकी (संगठन मंत्री, सेवा भारतीभोपाल) रहे। उनके साथ अरुषेन्द्र शर्मा (स्वदेशी जागरण मंच सीहोर) तथा भारत सोनी (शिकशक प्रकोष्ठ प्रभारी, सीहोर) ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सभी वक्ताओं ने वन्दे मातरम के महत्व, स्वतंत्रता संग्राम में उसकी भूमिका तथा युवाओं के लिए उसके प्रेरणादायक संदेश पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मुकेश तिवारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए गए तथा पर्यावरण संरक्षण से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जिनसे उपस्थित जनसमूह में उत्साह और प्रेरणा का वातावरण बना। कार्यक्रम का सफल संचालन अंकित जोशी द्वारा किया गया, जबकि अंत में आभार प्रदर्शन डॉ. सुसन थार्मस ने किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के शिक्षकगण, विद्यार्थी एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। यह आयोजन राष्ट्रप्रेम, सांस्कृतिक चेतना और सामाजिक जिम्मेदारी के संदेश के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## तापमान 37 डिग्री पहुंचाः लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी, अस्पतालों में बनाए जाएंगे ओआरएस के कॉर्नर



**सीहोर।** जिले में पिछले 24 घंटों में अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस दर्ज किए जाने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी कर दी है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने सभी स्वास्थ्य संस्थाओं को अलर्ट करते हुए हीट स्ट्रोक मैनेजमेंट यूनिट और ओआरएस कॉर्नर स्थापित करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं के प्रभारी अधिकारियों को सतत निगरानी और उपचार के निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य कर्मियों को लू से संबंधित मामलों के प्रबंधन के लिए विशेष रूप से प्रशिक्षित किया जा रहा है। अस्पतालों में आने वाले मरीजों में लू के लक्षणों की जांच करने, ठंडे पेयजल की व्यवस्था करने और वार्डों में पंखों द्वारा शीतलता बनाए रखने के लिए कहा गया है।

**संवेदनशील समूहों के लिए विशेष इंतजाम :** गर्मी से होने वाली बीमारियों के बचाव के लिए सभी अस्पतालों में जरूरी दवाइयां उपलब्ध कराई जा रही हैं। गर्भवती महिलाओं, बच्चों और वृद्धजनों जैसे संवेदनशील समूहों के लिए अस्पतालों में पर्याप्त और विशेष व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

**दोपहर 12 से 3 बजे तक धूप में निकलने से बचें :** डॉ. डेहरिया ने बताया कि तेज धूप में अधिक समय तक रहना लू लगने का मुख्य कारण है, जिससे शरीर में पानी की कमी और इलेक्ट्रोलाइट असंतुलन हो सकता है। उन्होंने दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच धूप में निकलने से बचने की सलाह दी है, क्योंकि इस समय लू लगने की संभावना सबसे अधिक होती है। धूप में बाहर निकलते समय शरीर को सूती वस्त्रों से ढकने और नियमित रूप से पानी पीने की अपील की गई है।

**चाय-कॉफी और बासी भोजन से रहें दूर :** स्वास्थ्य विभाग की एडवाइजरी में मदिरा, चाय और कॉफी का अत्यधिक सेवन न करने की सलाह दी गई है। अधिक मेहनत का कार्य करते समय पर्याप्त पानी पीते रहें ताकि डिहाइड्रेशन से बचा जा सके। बासी भोजन और भीड़भाड़ वाली जगहों से भी दूर रहने के लिए कहा गया है। अधिकारियों ने अपील की है कि शरीर में लू के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें।

### ऊर्जा संकट के चलते आईपीएल रद्द करने की मांग

## केंद्रीय मंत्री शिवराज को सौंपा ज्ञापन, सरकारी दफ्तरों में एसी-लिफ्ट पर रोक का सुझाव



**सीहोर।** खाड़ी देशों में चल रहे युद्ध के कारण गहराते वैश्विक ऊर्जा संकट को देखते हुए सीहोर में जिला कांग्रेस प्रवक्ता पंकज शर्मा ने आईपीएल रद्द करने की मांग की है। उन्होंने अपनी मांगों और ऊर्जा बचत के सुझावों को लेकर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को एक ज्ञापन सौंपा है। शर्मा ने ज्ञापन में बताया कि अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच जारी संघर्ष के कारण दुनिया भर में तेल और गैस का गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। ईरान एक प्रमुख तेल उत्पादक देश है और हॉर्मुज जलडमरूमध्य के अधिकतर हिस्से पर उसका नियंत्रण है। यहां से दुनिया के लगभग 40 प्रतिशत तेल का आवागमन होता है।

युद्ध के कारण इस मार्ग के बाधित होने से वैश्विक बाजार में तेल की कीमतें आसमान छू रही हैं। इससे विभिन्न देशों पर गंभीर ऊर्जा संकट मंडरा रहा है। सरकारी दफ्तरों में एसी, कूलर और लिफ्ट पर लगे रोक : श्री शर्मा ने भारत में इस संकट से निपटने के लिए तत्काल कुछ उपाय अपनाने का सुझाव दिया है। उन्होंने मांग की है कि सभी शासकीय कार्यालयों में एयर कंडीशनर (एसी), कूलर और लिफ्ट के उपयोग पर रोक लगाई जाए। इसके साथ ही प्राकृतिक रोशनी का अधिक से अधिक उपयोग किया जाना चाहिए। उनका मानना है कि इन उपायों से बड़ी मात्रा में ऊर्जा की बचत की जा सकती है।

**आईपीएल रद्द हो, मैच में बर्बाद होता है पानी और बिजली**

आईपीएल को रद्द करने की मांग पर शर्मा ने तर्क दिया कि यह कोई अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता नहीं है, जिसे रद्द न किया जा सके। उन्होंने कहा कि आईपीएल मैचों के दौरान मैदानों के रखरखाव में करोड़ों लीटर पानी बर्बाद होता है। इसके अधिकतर मुकाबले रात में खेले जाते हैं, जिसके कारण भारी मात्रा में बिजली की भी खपत होती है।

## 9 साल से अधूरी छीपानेर माइको लिफ्ट योजनाः किसानों का फूटा गुस्सा, छूटे गांवों को जोड़ने की मांग

**किसान स्वराज संगठन ने चेतावनी दी कि यदि किसानों की समस्याओं पर जल्द निर्णय नहीं लिया गया तो करेंगे आंदोलन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं की बदहाल स्थिति और किसानों की बढ़ती परेशानियों को लेकर किसान स्वराज संगठन गोपालपुर ने सरकार का ध्यान खींचने की कोशिश की है। संगठन ने शुक्रवार को उपज मंडी स्थित कृषक संगोष्ठी भवन गोपालपुर में किसान सभा आयोजित कर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) भैरूंदा के माध्यम से शासन तक भेजा गया।

सभा में किसानों ने सबसे बड़ा मुद्दा छीपानेर माइको लिफ्ट इरीगेशन सिंचाई योजना का उठाया। संगठन का आरोप है कि फेस-1 और फेस-2 के तहत स्वीकृत यह परियोजना करीब 8 से 9 साल बाद भी अधूरी पड़ी हुई है, जिसके कारण क्षेत्र के कई गांवों और सैकड़ों किसानों को सिंचाई का लाभ नहीं मिल पा रहा है। किसानों ने कहा कि निर्माण कार्य कर रही कंपनी की लापरवाही के कारण परियोजना अधर में लटकी हुई है। इससे खेती की लागत बढ़ रही है और फसलों का उत्पादन भी प्रभावित हो रहा है। किसानों ने मांग की कि योजना को जल्द पूरा कर छूटे हुए गांवों और किसानों को भी इसमें शामिल किया जाए, ताकि क्षेत्र में सिंचाई संकट खत्म हो सके। किसानों ने ज्ञापन में कृषि से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों को भी उठाया। संगठन ने सहकारी समितियों में ऋण जमा करने की अंतिम तिथि 31 मार्च से बढ़ाकर 30 जून करने की मांग रखी है। किसानों का कहना है कि इस समय रबी फसलों की कटाई का सीजन चल रहा है और किसान खेती के कार्यों में व्यस्त रहते हैं, ऐसे में इतनी कम अवधि में ऋण जमा करना कठिन हो जाता है।

इसके अलावा भैरूंदा, रेहटी और बुधनी तहसील क्षेत्र में मूंग की खेती बड़े पैमाने पर होती है, लेकिन बिजली विभाग की अनियमित आपूर्ति के कारण किसानों को सिंचाई में भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। कई बार पर्याप्त बिजली नहीं मिलने से फसलें सूखने की स्थिति में पहुंच जाती हैं। इस समस्या को देखते हुए किसानों ने मांग की कि मूंग की सिंचाई के लिए रात 10 बजे से सुबह 8 बजे तक लगातार बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

किसानों ने समर्थन मूल्य को लेकर भी सरकार से बड़ी मांग रखी। ज्ञापन में गेहूं की खरीदी 16 मार्च से शुरू करने और गेहूं का समर्थन मूल्य 3000 रुपए प्रति क्विंटल तय करने की मांग की गई। इसके साथ ही तेलंगाना, राजस्थान और महाराष्ट्र की तर्ज पर मध्यप्रदेश में भी फसल एमएसपी गारंटी कानून लागू करने की मांग उठाई गई।

संगठन ने मूंग की फसल के लिए 16 जिलों का क्लस्टर घोषित कर एमएसपी पर खरीदी शुरू करने और सोलर पंप योजना में किसानों के नाम पर ऋण नहीं लेने की व्यवस्था लागू करने की भी मांग रखी। किसान स्वराज संगठन ने चेतावनी दी कि यदि किसानों की समस्याओं पर जल्द निर्णय नहीं लिया गया तो संगठन व्यापक आंदोलन की रणनीति बनाने को मजबूर होगा।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र जाट, प्रदेश कोषाध्यक्ष विष्णु डोड, जिला अध्यक्ष भगवान सिंह यदुवंशी, ब्लॉक अध्यक्ष हरिसिंह कुशवाह, मंडल अध्यक्ष कपिल राजपूत तथा महामंत्री गंभीर सिंह बींदा सहित किसान स्वराज संगठन के पदाधिकारी और क्षेत्र के कई किसान उपस्थित रहे।

### पहले भी सामने आ चुके हैं लापरवाही के मामले, जिम्मेदार बने बेसुध

# अनदेखी से सिविल अस्पताल के हाल बेहाल मरीजों के परिजनों ने किया जोरदार हंगामा





हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी

नगर के सिविल अस्पताल में लापरवाही और अव्यवस्था का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। शुक्रवार देर रात एक बार फिर अस्पताल प्रबंधन की उदासीनता सामने आई,जब इलाज के लिए भर्ती मरीजों को ठंड लगने के बावजूद कंबल उपलब्ध नहीं कराए गए,इससे नाराज परिजनों ने अस्पताल परिसर में हंगामा कर दिया।

जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 12 निवासी नरेश बामने अपनी पत्नी दीपा, बहू राखी और बेटी मीना की अचानक तबीयत बिगड़ने पर शुक्रवार रात उन्हें लेकर सिविल अस्पताल पहुंचे ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने तीनों को इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कर उपचार शुरू किया आशंका जताई गई है कि दूषित खाद्य पदार्थ खाने से संक्रमण होने के कारण उनकी तबीयत बिगड़ी थी उपचार के दौरान तीनों मरीजों को ड्रिप लगाई गई।

मरीजों को तेज ठंड लगने पर परिजनों ने वहां मौजूद स्टॉफ से कंबल उपलब्ध कराने की मांग की,लेकिन आरोप है कि स्टॉफ ने कंबल देने से मना कर दिया।

इससे नाराज़ परिजन अस्पताल परिसर में हंगामा करने लगे मामला बढ़ता देख स्टाफ ने जल्दबाजी में दूसरे वार्ड से कंबल मंगवाकर मरीजों को उपलब्ध कराए,तब जाकर स्थिति शांत हुई। बताया जाता है कि इमरजेंसी वार्ड में मरीजों को भर्ती करने से पहले बेड पूरी तरह तैयार होना चाहिए, लेकिन लापरवाही के कारण मरीजों और उनके परिजनों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है नाराज परिजन देर रात ही मरीजों को अस्पताल से छुट्टी कराकर घर ले गए।

अगले दिन शनिवार सुबह जब मरीजों की तबियत में सुधार नहीं हुआ तो परिजन उन्हें दोबारा सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे इस दौरान एक मरीज को इमरजेंसी वार्ड के बाहर लगी बेंच पर लेटा दिया गया यह दृश्य देखकर मौके पर मौजूद लोगों ने नाराजगी जताई मामला बढ़ता देख अस्पताल स्टाफ ने तत्काल मरीज को बेंच से उठाकर वार्ड में भर्ती कराया। सीबीएमओ डॉ.डी.बड़ोदिया का कहना है कि अस्पताल में मरीजों के लिए चादर और कंबल की व्यवस्था रहती है कई बार मरीज या उनके परिजन चादर-कंबल अपने साथ लेकर चले जाते हैं, जिससे कमी की स्थिति बन जाती है।

**पहले भी सामने आ चुके हैं लापरवाही के मामले**

करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित सिविल अस्पताल में आए दिन अव्यवस्था और लापरवाही की शिकायतें सामने आती रहती हैं कभी डॉक्टरों की अनुपस्थिति तो कभी समय पर उपचार नहीं मिलने को लेकर मरीज और उनके परिजन परेशान होते हैं इससे पहले अस्पताल में लापरवाही के कई मामले सामने आ चुके हैं।

### जिला आपूर्ति अधिकारी ने जिले के समस्त 32 एलपीजी वितरकों को दिए निर्देश

# पिछले सिलेंडर की डिलीवरी के 25 दिन बाद बुक हो पाएगी रिफिल

### आवश्यक सेवाओं के अलावा अन्य स्थानों पर कमर्शियल गैस सिलेंडरों की सप्लाई प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



जिले में एलपीजी (लिक्विड पेट्रोलियम गैस) के सिलेंडरों की फिलहाल तक कोई समस्या नहीं है। परन्तु सोशल मीडया पर कुछ भ्रामक प्रचारों के चलते जिले के उपभोक्ता गैस सिलेंडरों का स्टॉक करने में लगे हुए हैं। यही वजह है कि गैस एजेंसियों एवं गोदामों के सामने अनावश्यक भीड़ देखी जा रही है। इन सबके बीच जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में घरैलू गैस की कोई किल्लत नहीं है। जिला आपूर्ति अधिकारी अजीत सिंह केसरी ने इस बाबत जिले के समस्त एलपीजी वितरकों, पेट्रोल पंप संचालकों, थिंक गैस प्रबंधक से चर्चा कर आमजनों हेतु जानकारी साझा की है।

डीएसओ केसरी ने बताया कि सभी वितरकों को निर्देश दिए गए हैं कि एलपीजी की आपूर्ति केवल घरैलू उपभोक्ताओं को ही की जाए। एलपीजी वितरण में भविष्य में कोई समस्या न आने पाए इसके लिए और भी उपाए किए गए हैं। किसी भी उपभोक्ता की गैस सिलेन्डर की पिछली डिलेवरी के 25 दिन बाद ही रिफिल बुकिंग स्वीकार की जाएगी। वर्तमान में चिकित्सालय एवं शैक्षणिक संस्थाओं के अलावा किसी और वाणिज्यिक उपभोक्ताओं (होटल, मॉल, बल्क एलपीजी का उपयोग करने वाले औद्योगिक क्षेत्रो, फेक्ट्री आदि) को कॅर्मिशियल एलपीजी (बल्क एण्ड पैक्ड) की सप्लाई नहीं की जाएगी।

#### जिले में एलपीजी के कुल 32 वितरक

जिले में आईओसीएल(इंडियन ऑइल कारपोॅरेशन लिमिटेड), भारत गैस, बीपीसीएल कंपनी के कुल 32 एलपीजी वितरक हैं। वितरकों द्वारा प्रशासन के सज्ञान में लाया गया कि उनके पास सिलेन्डरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। वितरकों की ऐजेन्सी द्वारा इण्डेन्ट लगाने पर दूसरे दिन ऐजेन्सी को स्टॉक प्राप्त हो जाता है। जिला आपूर्ति विभाग ने समस्त एलपीजी वितरकों से कहा है कि गैस सिलेण्डर के लिये ऐजेन्सियों पर अनावश्यक भीड़ न लगने पाए और उपभोक्ता अपनी बारी आने पर रिफिल प्राप्त करें। रिफिल बुक नहीं होने की समस्या का निराकरण संबंधित ऑयल कंपनी द्वारा कर दिया गया है।

#### कालाबाजारी करने वालों पर करवाई जाएगी एफआईआर

आपको बतादें कि गत दिवस कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा द्वारा इस संबध में जिले के समस्त गैस एजेंसी संचालकों की बैठक आयोजित की गई थी। सभी एजेंसी संचालकों को कलेक्टर एवं एसपी द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि यदि कहीं भी गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी पाई जाती है तो संबंधित के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की जाएगी।

#### दुकानों पर घरैलू गैस के इस्तेमाल पर होगी कार्यवाही

प्रशासन ने स्पष्ट किया है व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर पूर्व से घरैलू गैस सिलेन्डर प्रतिबंधित हैं लेकिन अब इन निर्देशों का ज्यादा सख्ती से पालन किया जाएगा। अगर किसी भी प्रतिष्ठान, दुकान, होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा आदि पर घरैलू गैस सिलेन्डर इस्तेमाल होता पाया गया तो सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज करवाई जा सकती है।

### शासन से एससी में पुनर्विचार याचिका दायर करने की मांग

# टीईटी परीक्षा का किया विरोध शिक्षक संगठनों ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

लोक शिक्षण संचालनालय ने पिछले दिनों देश की सर्वोच्य अदालत के एक संदर्भ का उल्लेख करते हुए सभी शिक्षकों के लिए टीईटी (शिक्षक पात्रता परीक्षा) देने संबंधी आदेश जारी किया था। उक्त आदेश जारी होने के बाद से ही जिले के शिक्षक समुदाय में खासा रोष व्याप्त है। शुरूआत में दबी जुबान में हुआ यह विरोध अब खुलकर सामने आया है।

इसी संबंध में शुक्रवार दोपहर शासकीय शिक्षक संघ के बैनर तले अन्य शिक्षक संगठनों के पदाधिकारी सहित शिक्षकों ने कलेक्टोरेट पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में उल्लेख है कि जो शिक्षक बीते 27 सालों से विभाग में सेवाएं दे रहे हैं उनके लिए उक्त परीक्षा करवाने का क्या औचित्य है। ज्ञापन में मध्यप्रदेश शासन द्वारा पूर्व में शिक्षकों की भर्ती के संबंध में जारी अनेकों आदेशों का हवाला देते हुए टीईटी परीक्षा को बेबुनियाद और बगैर विचार के लिया गया निर्णय करार दिया गया है। शिक्षक संगठनों ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा टीईटी परीक्षा के संबंध में सर्वोच्य न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दाखिल की जाए।

#### जारी आदेश निरस्त करे लोक शिक्षण

इसके साथ ही लोक शिक्षण अपने द्वारा जारी शिक्षक विरोध आदेश को निरस्त करे। इस दौरान शासकीय शिक्षक संगठन जिलाध्यक्ष भगवान राणावत, प्रांतीय शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष चंदर सिंह तोमर, पीएमयूएम जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह खिंची, मप्र शिक्षक संघ पदाधिकारी विजय भ्रदावले सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

## कर्मादेवी जयंती पर रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन



**ब्यावरा।** मां कर्मा देवी जयंती के 3 दिवसीय महोत्सव में शुक्रवार को पहले दिन रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सुबह 11 बजे मां कर्मा देवी की महा आरती के बाद रक्तदान का आयोजन शुरू किया गया है। जिसमें 17 लोगों ने रक्तदान किया। जिसमें 7 महिला और 10 पुरुषों ने अपना रक्तदान किया। भारत एकता ग्रुप के द्वारा रक्तदान का शिविर लगाया गया था। सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक चला कार्यक्रम।

## ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का क्षमता वर्धन प्रशिक्षण संपन्न



**सारंगपुर।** समीपस्थ ग्राम बिलोदा सड़क में शुक्रवार को मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड सारंगपुर द्वारा नवांकुर सेक्टर अंतर्गत प्रस्फुटन समितियों के सदस्यों के लिए क्षमता वर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी सुशील व्यास ने की। प्रशिक्षण में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद सारंगपुर के ब्लॉक समन्वयक बद्रीलाल बामनिया ने प्रतिभागियों को परिषद की अवधारणा, उद्देश्य, गठन प्रक्रिया तथा कार्यों के दस्तावेजीकरण से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। साथ ही शासन की विभिन्न योजनाओं एवं आगामी कार्ययोजना के बारे में भी दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस दौरान समाजसेवी सुशील व्यास ने प्रशिक्षणार्थियों को गांवों में किए जाने वाले सामाजिक कार्यों जैसे पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण, सबके लिए शिक्षा, सबके लिए स्वास्थ्य, जैविक कृषि, गौसंवर्धन, नशामुक्ति, महिला सशक्तिकरण, स्वच्छता और सामाजिक समरसता जैसे विषयों से अवगत कराया।कार्यक्रम के अंत में ब्लॉक समन्वयक बद्रीलाल बामनिया द्वारा प्रस्फुटन समितियों के दस्तावेजीकरण की जानकारी दी गई। वहीं वरिष्ठ सरपंच श्रीमती बसंती बाई बेस द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर नवांकुर प्रभारी रामविलास लोदी, दिनेश सिसौदिया, पुरुषोत्तम चंद्रवंशी, मनोहर लववंशी, रघुराज सिंह सोलंकी, नवीन रुण्डवाल, राधेश्याम मेवाड़ा, श्याम चौहान, मुकेश जाट, पवन सिंह बेस सहित ग्राम एवं नगर विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

### मोबाइल मालिकों के चेहरों पर लौटी मुस्कान

## तकनीकी साक्ष्यों से ढूंढ निकाले गुम हुए 451 मोबाइल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



ऑपरेशन टेस एण्ड रिटर्न के तहत राजगढ़ जिला पुलिस ने अलग-अलग समय पर जिले के आमजनों के गुम, चोरी हुए, जेबों से गिरे 451 मोबाइल टेक्नॉलाजी की मदद से ढूंढ निकाले हैं। शुक्रवार दोपहर एडिशनल एसपी केएल बंजारे ने एक प्रेसवार्ता के दौरान इस ऑपरेशन पर प्रकाश डालते हुए करीब 1 करोड़ 8 लाख के इन मोबाइलों को उनके असली मालिकों के हैंडओवर किया।

पुलिस की इस सफलता में जिले के समस्त थाना प्रभारियो, आधुनिक तकरीक एवं विभाग के विशेष पोर्टल की अहम भूमिका रही। अपने गुमे हुए मोबाइल वापस पाकर संबंधित मोबाइल मालिकों के चेहरों पर मुस्कान दौड़ती नजर आई। पुलिस की इस कार्यवाही से आम नागरिकों को बड़ी राहत मिली है। वहीं वर्दी के प्रति जनता का विश्वास और दृढ़ हुआ है।

#### अन्य जिलों एवं राज्यों से भी ट्रेस हुए मोबाइल

राजगढ़ पुलिस द्वारा मोबाइलों की बरामदगी केवल जिले तक ही सीमित नहीं रही बल्कि तकनीकी विश्लेषण से अन्य जिलों देवास, इंदौर, टीकमगढ, शाजापुर, उज्जैन, भोपाल, रतलाम, आगर-मालवा, अशोकनगर, गुना, विदिशा, रायसेन होशंगाबाद, खरगौन धार, ग्वालियर, रीवा, शिवपुरी भिण्ड, मंदसौर आदि एवं राज्यों बिहार, राजस्थान, गुजरात, उत्तरप्रदेश में उपयोग किए जा रहे मोबाइल फोन भी ट्रेस कर बरामद किए गए। इस पूरी सफलता में सायबर सेल प्रभारी जीतेंद्र अजनारे की विशेष भूमिका रही।

## सड़क किनारे तक हो गए कब्जे, प्रशासन ने हटवाए



**राजगढ़।** जिले में अनेकों स्थानों के आंतरिक मार्गों के किनारे निवासरत लोगों ने अपने स्वामित्व की जगह से अनेकों फीट आगे तक अवैध कब्जे किए हुए है। जहां-जहां से प्रशासन को इस तरह के बेजा कब्जों की सूचना मिल रही है, उन्हें हटवाने की कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण के अंतर्गत करनवास से सीलापानी एवं देहरी बामन से सनखेडी मार्ग के निर्माण कार्य के दौरान मार्ग पर कुछ ग्रामीणों द्वारा शोल्डर पर बागड़ एवं फेंसिंग लगाकर अतिक्रमण कर लिया गया था। इस अतिक्रमण से निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने के लिए दल गठित किया। उक्त दल में राजस्व निरीक्षक करनवास शंकरलाल नागर, हल्का पटवारी अरविंद चैधरी, अमरकांत जायसवाल, सुरेश जेठवार, मनोज यादव, कैलाशचंद्र यादव तथा संबंधित ग्राम कोटवार को शामिल किया गया। उक्त दल द्वारा करनवास से सेलापानी रोड का अतिक्रमण हटवाने की कार्रवाई की गई।

## मिसरोद मामले में निष्पक्ष जांच की मांग, पाटीदार समाज ने तहसीलदार को सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन



**सारंगपुर।** मिसरोद मुख्य मार्ग पर हुए विवाद के मामले में निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर शुक्रवार को पाटीदार समाज के प्रतिनिधिमंडल ने सारंगपुर तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में समाजजनों ने बताया कि 25 फरवरी 2026 को शाम करीब 4:30 बजे मिसरोद मुख्य मार्ग स्थित शासकीय स्कूल के पास बुजुर्ग और साध्वी रजना के वाहन के बीच विवाद की घटना हुई थी। ज्ञापन में बताया गया कि उक्त मार्ग संकरा होने के कारण एक समय में एक ही वाहन निकल सकता है। इसी दौरान दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई, जिसके बाद विवाद बढ़ गया। समाजजनों का आरोप है कि इस दौरान उनके सामाजिक बुजुर्ग के साथ मारपीट की गई और उनके कपड़े भी फाड़ दिए गए। घटना के समय वहां भीड़ जमा हो गई और स्थिति तनावपूर्ण हो गई।

ज्ञापन में यह भी कहा गया कि बाद में वाहन चालक मौके से गाड़ी लेकर जाने लगा, तभी बुजुर्ग ने स्वयं को बचाने के लिए वाहन पकड़ लिया, जिससे वे कार के भीतर जा बैठे। समाजजनों का कहना है कि इस पूरे मामले में मिसरोद पुलिस द्वारा पक्षपातपूर्ण कार्रवाई की गई है और उनके चार बुजुर्गों के नाम गलत तरीके से प्रकरण में जोड़ दिए गए। पटेल समाज ने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा जब तक जांच पूरी न हो, तब तक अन्य नाम न जोड़ने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान नंदकिशोर पाटीदार, मांगीलाल पाटीदार, महेश पाटीदार, ए आर पाटीदार, मानसिंह पाटीदार, सुरेश पाटीदार सहित पाटीदार समाजजन मौजूद थे।

#### राजयोगिनी दादी हृदयमोहिनी की पांचवीं पुण्यतिथि दिव्यता दिवस के रूप में मनाई

**ब्यावरा।** प्राजपिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शहीद कॉलोनी वाकेंद्र में शुक्रवार को राजयोगिनी दादी हृदयमोहिनी की पांचवीं पुण्यतिथि 'दिव्यता दिवस' के रूप में मनाई गई। इस दौरान ब्रह्माकुमारी परिवार के भाई-बहनों ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सेवाकेंद्र की संचालिका बीके लक्ष्मी दीदी ने कहा कि दादी हृदयमोहिनी का जीवन सादगी, सेवा भावना और आध्यात्मिक साधना से परिपूर्ण था। उन्होंने राजयोग के माध्यम से समाज में आध्यात्मिक जागरूकता फैलाने का महत्वपूर्ण कार्य किया। उनके विचार और जीवन दर्शन आज भी लोगों को सकारात्मक सोच और शांतिपूर्ण जीवन की दिशा में प्रेरित करते हैं।

## मेडिकेयर कॉलेज में लैब टेक्नीशियन दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया आयोजन




**सारंगपुर।** मेडिकेयर इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस (पैरामेडिकल कॉलेज) द्वारा लैब टेक्नीशियन दिवस के अवसर पर 13 मार्च को समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम को आकर्षक बना दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शासकीय मॉडल स्कूल की प्राचार्य बबिता मिश्रा तथा सिविल हॉस्पिटल सारंगपुर के लैब इंचार्ज एस.के. गुप्ता उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रमों की सराहना करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया। साथ ही उत्कृष्ट प्रस्तुति देने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्था के ज्वाइंट डायरेक्टर ऋषभ सिंह यादव और अकादमिक डायरेक्टर डॉ. सांत्वना सिंह यादव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विज्ञान और चिकित्सा के क्षेत्र में प्रयोगशालाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। किसी भी नई खोज, दवा के विकास या बीमारी के सही निदान के पीछे प्रयोगशालाओं और लैब टेक्नीशियनों का अहम योगदान होता है। इसी महत्व को समझने और वैज्ञानिक शोध को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष वर्ल्ड लेबोरेटरी डे मनाया जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि एक अच्छा लैब टेक्नीशियन अपने कर्तव्यों का ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करते हुए समाज की सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम के दौरान संस्था के शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक स्टाफ में सुनैना सेन, नितेश जोशी, संगीता गौर, मधु यादव, सिमरन राठौर, तन्मय सोलंकी, संजना गुप्ता, प्रवाशा सिंह, मुस्कान मंसूरी, रीना दांगी, सोनाली यादव, उमा सिंह राजपूत, कल्पना पाटीदार आदि उपस्थित रहे।

## नागरिकों को शीतल जल उपलब्ध करवाने प्याऊ का शुभारंभ किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नगर परिषद द्वारा नगर के विभिन्न स्थानों पर प्याऊ संचालित की जाती हैं, ताकि गर्मी में बाहर से आने जाने वाले राहगीरों व यात्रियों को पेयजल सुलभ रूप से उपलब्ध हो सके। इसी कड़ी में गर्मी के दिनों में नगर में शीतल जल की उपलब्धता हेतु नगर परिषद द्वारा नगर में प्याऊ का शुभारंभ किया गया। पूर्व वर्ष अनुसार इस वर्ष भी आम नागरिकों व बाहर से आने जाने वाले यात्रियों को गर्मी में ठंडा जल उपलब्ध हो सके नगर में स्वामी विवेकानंद चैराहा, हटीले हनुमान मंदिर के पास, स्टेडियम के पास आवास कॉलोनी, माचलपुर नाका,खिलचीपुर नाका, और कान्वेंट स्कूल के पास 6 स्थान पर प्याऊ का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह,उपाध्यक्ष हेमंत जोशी पार्षद प्रतिनिधि शिवचरण मण्डलोई , मुकेश पुष्पद , कमल झावा तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिओम शर्मा जल शाखा सुनील नागर, जनप्रतिनिधिगण और अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### शुजालपुर में हुआ सर्व धर्म सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन

# सम्मेलन में 162 बेटियों का विवाह व 38 बेटियों का हुआ निकाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शुजालपुर




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारी संस्कृति के मूल में सामाजिकता है, सद्भाव है और इस सद्भाव को बढ़ाने में सामूहिक विवाह सम्मेलन एक बड़ा ही मजबूत और कारगर माध्यम है। बेटियों के पाणिग्रहण संस्कार से बड़ा पुण्य का, कोई दूसरा काम हो ही नहीं सकता। पहले बेटी के जन्म होने के साथ ही उसके परिवार को बेटी की शादी की चिंता सताती थी, लेकिन अब मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के माध्यम से मध्यप्रदेश सरकार बेटियों का कन्यादान और विदाई कर रही है। इस योजना से प्रदेश के गरीब-वंचित और जरूरतमंद परिवारों की बेटियों का घर बस रहा है। जन्म से लेकर पढ़ाई, नौकरी, मातृत्व और विवाह तक हमारी सरकार हर कदम पर बहनों-बेटियों के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि मितव्ययिता बेहद जरूरी है। इसलिए शादी-ब्याह में होने वाले फिजूलखर्चों से हमेशा बचें। अपने बेटे-बेटियों का विवाह, निकाह सामान्य समारोह या सामूहिक विवाह सम्मेलन में ही करें। इससे जो धन बचे, वह अपने बच्चों के बेहतर जीवन के लिए बचाकर रखें। मुख्यमंत्री ने बताया कि उन्होंने अपने पुत्र का विवाह भी सामूहिक विवाह सम्मेलन में ही कराया है।

मंत्री इंदर सिंह परमार ने विवाह सम्मेलन में संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार ने समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए योजनाएं बनाई हैं। सामाजिक सुरक्षा और सद्भाव के लिए मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना ने अपनी एक अलग ही पहचान बनाई है। आज के दौर में विवाह आयोजनों में फिजूलखर्ची बढ़ रही है। यह समाज के हित में नहीं है। इसलिए सभी को अपने पुत्र-पुत्रियों का विवाह सामूहिक विवाह और ऐसे आयोजनों में ही कराने की ओर बढ़ना होगा। परमार ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि सभी का जीवन प्रेम, विश्वास, सम्मान और संस्कारों से परिपूर्ण रहे। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष हेमराज सिंह सिसोदिया एवं नगर पालिका अध्यक्ष शुजालपुर बबीता परमार ने भी संबोधित किया।

#### नव विवाहित दंपतियों को आशीर्वाद दिया

इस अवसर पर मंत्री इंदर सिंह परमार एवं उपस्थित अतिथियों ने नवविवाहित दंपतियों को आशीर्वाद एवं उपहार भेंट किए। सर्व धर्म सामूहिक विवाह, निकाह सम्मेलन में कलेक्टर ऋजु बाफना, जनपद पंचायत शुजालपुर अध्यक्ष सीताबाई रामचंदर पाटोदिया, उपाध्यक्ष मंजूबाई गोविन्दसिंह मेवाड़ा, विजय सिंह बैस, कृपाल सिंह मेवाड़ा, अशोक नायक, नरेन्द्र सिंह यादव, देवेन्द्र तिवारी, अरविंद परमार, अशोक मालवीय, जिला पंचायत सीईओ अनुपमा चौहान, अनुविभागीय अधिकारी शुजालपुर राज कुमार हलदार, जनपद पंचायत सीईओ सहित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

#### सरकार बेटियों के सम्मान, सशक्तिकरण और सामाजिक सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को मुख्यमंत्री निवास से शुजालपुर में हुए सर्व धर्म सामूहिक विवाह सम्मेलन को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार बेटियों के सम्मान, इनके सशक्तिकरण और सामाजिक सुरक्षा के लिए सदैव ही प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी नवविवाहित जोड़ों को बधाई और सफल वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया। सम्मेलन में 200 बेटियों का सामूहिक विवाह/निकाह सम्पन्न हुआ। इसमें 162 बेटियों का विधि-विधान से विवाह और 38 बेटियों का कबूलियत निकाह कराया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर नवविवाहित जोड़े को मंगलाशीष के तौर पर सरकार की ओर से गृहस्थी के लिए 49-49 हजार रूपए दिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सामूहिक विवाह सम्मेलन वर-वधु को जन्म-जन्मांतर तक साथ देने की अमरता की बेला का उत्सव है। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि यह सामूहिक विवाह सम्मेलन आगे और भी अधिक विशाल बनेगा तथा सभी जरूरतमंद परिवारों के लिए सबसे बड़े मददगार के रूप में अपनी पहचान बनाएगा।

## खबर संक्षेप

### धूमधाम से मनेगी मां कर्मा देवी की जयंती

आष्टा। साहू समाज आष्टा द्वारा आराध्य देवी माँ भक्त शिरोमणि कर्मा देवी की जयंती के अवसर पर 15 मार्च रविवार को भव्य महोत्सव का आयोजन किया जा रहा हैं। सेमनरी रोड स्थित साहू मैरिज गार्डन में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में समाज की एकता और गौरव की झलक देखने को मिलेगी। इस गरिमामयी उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक श्री गोपाल सिंह इंजीनियर उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष कैलाश परमार करेंगे। विशेष अतिथि के रूप में नपा अध्यक्ष हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा और हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष नारायण सिंह भूरू मुकाती भी शामिल होंगे। साहू समाज के अध्यक्ष राजकुमार साहू ने बताया कि सुबह 8:30 बजे से भव्य शोभा यात्रा जुलूस निकाली जाएगी जो कार्यक्रम स्थल साहू मैरिज गार्डन से प्रारंभ होते हुए आष्टा के प्रमुख मार्ग कॉलोनी चौराहा भाऊ बाबा मंदिर कुम्हार मोहल्ला बाबा रामदेव जी मंदिर गलचौराहा शास्त्री कॉलोनी मुकाती पेट्रोल पम्प होते हुए कार्यक्रम स्थल साहू मैरिज गार्डन पहुचेगी। कार्यक्रम स्थल पर कई कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। शाम 6 बजे से छात्र प्रतिभा व वरिष्ठ जन सम्मान समारोह आयोजित होगा उसके पश्चात भजन संध्या होगी।

### बढ़ती गैस कीमतों, किल्लत और कालाबाजारी के विरोध में धरना-प्रदर्शन

# सरकार के खिलाफ नारेबाजी, आम जनता पर बढ़ते बोझ का कांग्रेस ने मुद्दा उठाया

ब्लॉक कांग्रेस आष्टा अध्यक्ष के नेतृत्व में धरना-प्रदर्शन कर विरोध दर्ज कराया।




हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

देश में लगातार बढ़ती रसोई गैस की कीमतों, गैस की किल्लत और हो रही कालाबाजारी को लेकर ब्लॉक कांग्रेस आष्टा अध्यक्ष धर्मेन्द्रसिंह मेमदाखेड़ी के नेतृत्व में धरना-प्रदर्शन कर विरोध दर्ज कराया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आम जनता पर बढ़ते आर्थिक बोझ का मुद्दा उठाया। धरना-प्रदर्शन में कांग्रेस नेताओं ने कहा कि राहुल गांधी लगातार देश की आर्थिक स्थिति और अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों को लेकर जो बातें कह रहे हैं, वे आज सच साबित होती नजर आ रही हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया में चल रहे युद्ध और वैश्विक परिस्थितियों का असर भारत में भी दिखाई दे रहा है, जिससे महंगाई लगातार बढ़ रही है और आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह मेमदाख़ेड़ी आरोप लगाया कि देश में कई स्थानों पर रसोई गैस की किल्लत के साथ-साथ कालाबाजारी की शिकायतें भी सामने आ रही हैं। गैस एजेंसियों और बाजार में मनमाने दाम वसूले जाने से आम उपभोक्ता परेशान हैं और उन्हें समय पर गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है,कांग्रेस नेताओं ने सरकार से मांग की कि रसोई गैस की कीमतों पर नियंत्रण किया जाए, कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई हो और गैस की आपूर्ति व्यवस्था को तुरंत सुधारकर आम जनता को राहत दी जाए। इस मौके पर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष कैलाश परमार, पूर्व नगरपालिका अध्यक्षा डॉ मीना सिंगी, विधानसभा प्रत्याशी कमलसिंह चौहान, वरिष्ठ नेता भैया मियाँ, जनपद के पूर्व उपाध्यक्ष सोबालसिंह मुगली, सुनील सेठी, विनीत सिंगी, चंदरसिंह ठाकुर, लोकेन्द्र बनवट, सोहेल मिर्जा, इदरीस मंसूरी, घनश्याम जांगड़ा, नईमुद्दीन, एच आर परमाल, अनार सिंह मेवाड़ा, रामचरण दवारिया, गोरे मियाँ, प्रदीपसिंह भाटी, आत्माराम परमार, विलास जाट, फैजुद्दीन,अमित पटेल, संदीप ठाकुर, लोकेन्द्र भाटी, पंकज मुकाती, राहुल पटेल, बंशी बांबे, कृपाल मालवीय, संजू मेवाडा, नफीस शाह, कृपाल तोमर, खालिद पठान, टोनी जैन, स्वरूप जवारिया, प्रेम पटेल, भरत वर्मा, महेश वर्मा, देवेन ठाकुर, राजपाल ठाकुर, रूपसिंह गोरिया, अनार सोलंकी, अशोक मंडलोई, गुलाब सिंह ठाकुर, मोतीसिंह, आशुतोष नामदेव, शंकर मालवीय, शंकर बोड़ाना, प्रशांत गोल्डी बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नरवाई प्रबंधन करना आम के आम गुठलियों के दाम जैसा: तहसीलदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

फसल कटाई के बाद खेत में बचे हुए फसल अवशेष जिसे सामान्यतया नरवाई या पराली कहा जाता है। अधिकांश किसान समय और श्रम बचाने के लिए नरवाई को जला देते हैं, लेकिन यह तरीका पर्यावरण, मिट्टी और जीव-जंतुओं के लिए तो हानिकारक है ही, साथ ही किसान के लिए आर्थिक रूप से भी नुकसानदायक साबित होता है।

तहसीलदार जावर ओमप्रकाश चोरमा ने बताया कि नरवाई जलाने से बड़ी मात्रा में धुआँ और हानिकारक गैसें वातावरण में फैलती हैं। इससे वायु प्रदूषण बढ़ता है और आसपास रहने वाले लोगों को सांस, आँख और फेफड़ों से संबंधित बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। नरवाई में मौजूद नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटाश जैसे पोषक तत्व आग में नष्ट हो जाते हैं, जिससे मिट्टी की प्राकृतिक उर्वरता कम हो जाती है और किसानों को अधिक रासायनिक खाद का उपयोग करना पड़ता है। खेतों में रहने वाले कई छोटे जीव-जंतु, कीट और पक्षियों के घोंसले नरवाई जलाने से नष्ट हो जाते हैं।

इससे प्राकृतिक जैव विविधता को नुकसान पहुँचता है और खेत का प्राकृतिक संतुलन बिगड़ जाता है। नरवाई जलाने से किसान को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों तरह का आर्थिक नुकसान होता है। एक तरफ मिट्टी की उर्वरता घटने से उत्पादन कम होता है वहीं अधिक रासायनिक खाद डालने की आवश्यकता पड़ती है, जिससे खेती की लागत बढ़ती है। कई बार आग फैलने से खेत, पेड़ या आसपास की फसल को भी नुकसान पहुंचता है। सीधे शब्दों में कहें तो स्पष्ट है कि नरवाई जलाने से नुकसान ही नुकसान है। तहसीलदार ने किसानों को नरवाई प्रबंधन के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से बताया कि नरवाई में आग लगाने की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण रखने के लिये नरवाई प्रबंधन के यंत्रों जैसे एक्स्ट्रा रीपर, रीपर, रीपर कंबाइंडर, एक्स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम, सुपर सीडर, मल्चर, बेलर इत्यादि का उपयोग किया जाना चाहिए। इससे फसल कटाई शीघ्र व कम लागत में होती है तथा अवशेष प्रबंधन सरल बनता है। इसी के साथ ही फसल कटाई हेतु कंबाइन हार्वेस्टर का उपयोग किया जाना चाहीए जो दो प्रकार के होते हैं एक जिसमें पुन्नी कंबाइन हार्वेस्टर जिसमे भूसा इकट्ठा होने के लिए ट्राली अटैच होती है फसल कटाई के बाद फसल का भुसा ट्राली में इकटठा होता है। यदी कृषक कटाई के समय उक्त यंत्र का उपयोग नही कर पाये तो फसल अवशेष को तेज धूप के बाद रोटावेटर का उपयोग करके अथवा देशी पाटा चलाकर गेहूं के बचे हुए स्ट्रा को जमीन में मिला सकते हैं।

स्ट्रा को जमीन में मिलाने से जमीन की भौतिक दशा एवं कंपोस्टिंग खाद मिलने से जमीन की उर्वरा शक्ति में सुधार होता है। नरवाई को ना जलाकर इसके बेहतर प्रबंधन से मिट्टी की उर्वरता में वृद्धि, रासायनिक खाद की आवश्यकता में कमी, मिट्टी की नमी बनाए रखना, बेहतर फसल उत्पादन के साथ साथ पर्यावरण संरक्षण, लाभकारी जीवों का संरक्षण, जैव विविधता का संरक्षण, दीर्घकालिक कृषि स्थिरता बढ़ाने में यह कार्य उपयोगी सिद्ध हो सकता है।

नरवाई जलाने पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 163 के तहत प्रतिबंध लगाया गया है। एनजीटी के निर्देशों के अनुसार, नरवाई जलाने पर 2,500 रुपए से लेकर 15,000 रुपए तक का जुर्माना लगाए जाने का प्रावधान है। यह जुर्माना खेत के आकार के आधार पर होता है। 2 एकड़ से कम पर 2,500 रुपए , 2 से 5 एकड़ पर 5,000 रुपए , और 5 एकड़ से अधिक पर 15,000 रुपए का जुर्माना लगता है। नरवाई ना जलाकर दंडात्मक कार्यवाही से भी बचा जा सकता है। तहसीलदार श्री चोरमा के अनुसार नरवाई को जलाने के बजाय उसका बेहतर प्रबंधन अपनाना किसानों के लिए हर दृष्टि से लाभकारी है। इससे मिट्टी की उर्वरता बढ़ती है, खेती की लागत घटती है, पर्यावरण सुरक्षित रहता है और अतिरिक्त आय के अवसर भी मिलते हैं। कहा जा सकता है कि नरवाई का सही प्रबंधन अपनाने से सच में "आम के आम और गुठलियों के दाम" जैसी स्थिति बनती है, जहाँ किसान को एक साथ कई प्रकार प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होते हैं।

## 19 मार्च को गुड़ी पड़वा: अधिक मास होने से 12 की बजाय 13 महीनों का होगा वर्ष: पं. पाठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

वैदिक पंचांग के अनुसार, गुरुवार 19 मार्च को गुड़ी पड़वा है। यह पर्व हर साल चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि को मनाया जाता है। नगरपूरोहित पं मनीष पाठक ने बताया की चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से हिन्दू नववर्ष की शुरुआत होती है। हिंदी में नव वर्ष को 'नव संवत्सर' भी कहा जाता है। 'नव संवत्सर' के दिन से चैत्र नवरात्र की भी शुरुआत होती है, जो नौ दिनों तक चलती है। वहीं, नवमी तिथि पर भगवान श्रीराम का अवतरण दिवस यानी राम नवमी मनाई जाती है।

इस वर्ष गुरु राजा और मंगल मंत्री होंगे, जिससे प्रशासनिक और वैश्विक स्तर पर बड़े फैसले होंगे। ज्येष्ठ में अधिक मास होने से यह वर्ष 12 की बजाय 13 महीनों का होगा। ज्योतिषाचार्य पं डॉ दीपेश पाठक ने बताया कि चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि यानी 19 मार्च से विक्रम संवत 2083 की शुरुआत होगी। इस दिन से ब्रह्मांड की सत्ता में बड़ा फेरबदल होगा। नए साल से पद भर में व्यापक परिवर्तन होगा। इस वर्ष के संवत्सर का नाम रौद्र होगा। हिंदू पंचांग में हर साल ग्रहों की एक 'कैबिनेट' बनती है। इस वर्ष यह इस प्रकार रहेगी। साल की शुरुआत जिस दिन से होती है, उस दिन का स्वामी उस वर्ष का 'राजा' कहलाता है। चूंकि, 2026 में नववर्ष गुरुवार से शुरू हो रहा है, इसलिए इस साल के राजा देवगुरु बृहस्पति होंगे। वहीं, मंत्री का पद मंगल ग्रह के पास होगा। ज्योतिष शास्त्र के मुताबिक, राजा गुरु होने से धार्मिक कार्यों और ज्ञान में वृद्धि होगी। लेकिन, मंत्री मंगल होने के कारण समाज में थोड़ा उग्र स्वभाव और साहसी निर्णय भी देखने को मिल सकते हैं। ज्योतिष के अनुसार कि रौद्र" शब्द भगवान शिव के उग्र नाम रुद्र शब्द से बना है। इसका अर्थ है उग्र, तेजस्वी, संघर्षपूर्ण या कठोर प्रभाव वाला। रौद्र संवत्सर फल के विषय में ग्रंथों में कहा गया है। रौद्र नामक संवत्सर में रोगों की वृद्धि हो सकती है।

शासकों अथवा प्रशासन से जनता को कष्ट हो सकता है। कहीं-कहीं वर्षा का अभाव या असंतुलन हो सकता है।सामान्य जनजीवन में कुछ तनाव , असंतोष या संघर्ष की स्थिति बनती है। सत्ता पक्ष द्वारा कठोर निर्णय से संघर्षपूर्ण स्थितियाँ बन सकती हैं।दो देशों के बीच तनाव या विवाद बढ़ने की संभावना तीव्र होती है। विश्व को पारस्परिक युद्ध, संघर्ष, अराजकता का सामना करना पड़ता है।भारतवर्ष में सत्ता पक्ष द्वारा प्रशासनिक सख्ती बढ़ सकती है।प्राकृतिक रूप में वर्षा का वितरण असमान हो सकता है।कहीं अधिक वर्षा, कहीं कमी, प्रचंड गर्मी,प्राकृतिक आपदाओं की आशंका कुछ अधिक मानी जाती है।"रौद्र" नाम केवल नकारात्मक ही नहीं है।ज्योतिष के अनुसार रौद्र नाम के संवत्सर में प्रजा का साहस और पराक्रम बढ़ता है।देश में नई तकनीक या वैज्ञानिक कार्यों में प्रगति हो सकती है।समाज में अन्याय के विरुद्ध आवाज़ भी मजबूत होती है। आमतौर पर हिंदू पंचांग में एक वर्ष में 12 महीने होते हैं, लेकिन विक्रम संवत 2083 में 13 महीने होंगे। ऐसा इसलिए क्योंकि इस वर्ष एक अधिक मास जुड़ रहा है। इस अतिरिक्त महीने के कारण ज्येष्ठ मास दो बार आएगा।

लोकभाषा में इस अतिरिक्त महीने को मलमास, अधिक मास या पुरुषोत्तम मास कहा जाता है। हिंदू पंचांग चंद्रमा की गति पर आधारित होता है। चंद्र वर्ष लगभग 354 दिनों का होता है, जबकि सौर वर्ष लगभग 365 दिनों का होता है। इस तरह दोनों के बीच लगभग 11 दिनों का अंतर आ जाता है। इस अंतर को संतुलित करने के लिए लगभग हर तीन साल में एक अतिरिक्त महीना जोड़ा जाता है। इसी अतिरिक्त महीने को अधिक मास कहा जाता है। वर्ष 2026 में यह अधिक मास 17 मई से 15 जून के बीच पड़ेगा। इसके कारण कई व्रत और त्यौहार सामान्य समय से लगभग 15 से 20 दिन आगे हो सकते हैं।

## ग्राम झालकी के देवेंद सिंह पटेल बने समाज युवा संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



अखिल भारतीय चंद्रवंशी क्षत्रिय खाती समाज युवा संगठन में देवेंद सिंह पटेल झालकी को राष्ट्रीय महामंत्री मनोनीत किया गया है। नियुक्ति चंद्रवंशी क्षत्रिय खाती समाज के रास्ट्रीय अध्यक्ष किशोर चौधरी और युवा संगठन रास्ट्रीय अध्यक्ष लड्डूमल चौधरी और रजनीश वर्मा पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोहरलाल मंडलोई की अनुशंसा, अखिल भारतीय चंद्रवंशी क्षत्रिय खाती समाज के पारमार्थिक ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष किशोर चौधरी व अखिल भारतीय चंद्रवंशी क्षत्रिय खाती समाज युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष लड्डूमल चौधरी की सहमति से की गई है।पूर्व सरपज नर्मदा प्रसाद वर्मा मुकेश वर्मा जितेंद वर्मा बलराम सिंह राकेश ठाकुर काल्लू वर्मा मुकेश संजय सजन सिंह वर्मा बीजेपी के मंडल अध्यक्ष जायनारयण जालोदीया रत्न सिंह जालोदीया रवि वर्मा गजराज सिंह वर्मा रोहित वर्मा इन सभी आदि ने हर्ष व्यक्त बधाई शुभकामनयें दी।

## लोक अदालत में वसूली 23.50 लाख की राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

स्थानीय अदालत परिसर में लोक अदालत का आयोजन हुआ, जिसमें नगरपालिका द्वारा कैंप लगाकर नगर के बकायादारों को पूर्व में नोटिस देकर निकाय की जलकर, संपत्ति कर, समेकितकर आदि की बकाया राशि वसूली गई। कैंप का शुभारंभ नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, सीएमओ विनोदकुमार प्रजापति की उपस्थिति में किया गया। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा द्वारा लोक अदालत में निकाय की बकाया जलकर, संपत्तिकर, दुकान प्रीमियम राशि जमा करने आए बकायादारों से आग्रह करते हुए कहा कि निकाय की बकाया राशि समय रहते जमा करावें, क्योंकि आपके द्वारा जमा की जाने वाली करों की राशि से ही नगर का विकास होता है, वहीं मूलभूत आवश्यकओं व सुविधाओं को उपलब्ध भी निकाय आपके द्वारा जमा कराई जाने वाली राशि से ही कराती है। आप सभी प्रत्येक माह अपने नलकर एवं संपत्तिकर की राशि जमा करावें, ताकि आपके ऊपर भी भार न हो और आपके द्वारा जमा कराई जाने वाली राशि से नगरपालिका और अधिक तेजी से नगर का विकास कर सकें।



### नपा ने वसूली बकाया राशि

मुख्य नगरपालिका अधिकारी विनोकुमार प्रजापति द्वारा अपने अधिनस्थ अमले को साथ लेकर मुनादी के साथ-साथ नागरिकों से बकाया जमा करने हेतु द्वार-द्वार पहुंचकर आग्रह किया गया। सीएमओ श्री प्रजापति द्वारा वार्डवार 5 सदस्यी टीम गठित की गई जिसमें एक-एक दल प्रभारी व गठित टीम से सुचारू रूप से काम कराने के लिए एक-एक नोडल नियुक्त किया गया। सीएमओ श्री प्रजापति ने जानकारी देते हुए बताया कि लोक अदालत के माध्यम से नगर के बकायादारों से 5 लाख 55 हजार 287 रूपये संपत्तिकर, 5 लाख 95 हजार 699 जलकर एवं दुकान प्रीमियम 12 लाख रूपये की वसूल किए गए इस प्रकार कुल 23 लाख 50 हजार 986 रुपयों की बकाया राशि वसूली गई है। सीएमओ विनोदकुमार प्रजापति ने राजस्व अमले की सराहना करते हुए कहा कि इसी प्रकार निकाय को मजबूत करने में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करते रहे। वसूली कार्य में नपा की राजस्व टीम सहित अन्य कर्मचारियों का लोक अदालत में राशि वसूलने में सराहनीय योगदान रहा।

## पीएचई विभाग जागा: ग्रामीणों को जल्द मिलेगी जल संकट से मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

खबर का असर



खाचरोद जनपद पंचायत आष्टा अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कुरली कला के ग्राम नानजीपुरा में पी ए च ई विभाग के अधिकारी व ठेकेदार की लापरवाही के कारण पीने के पानी के लिए कई महिनों से इधर-उधर भटक रहे थे। जिस को लेकर हरिभूमि ने प्रमुखता से खबर का प्रकाशन किया था। जिसके बाद पीएचई के जिम्मेदारों ने अपनी गलती मानी और जिम्मेदारी को समझा। शनिवार को पिछले कई महीने से पीएचई विभाग द्वारा लगाई गई मोटर जो जली पढ़ी थी, जिसके कारण ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए खेत कुये बोरसे पानी लाना पड़ रहा था। जली मोटर को ठीक करने ठीम को मौके पर भेजा। मोटर को मरम्मत के लिए निकाला गया। पीएचई के जिम्मेदारों ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया की जल्द ही मोटर को बौर में डाल दिया जाएगा। जसके बाद ग्रामीणों की पेयजल के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा।

## मप्र राज्य कर्मचारी संघ ने मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम दिया ज्ञापन




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शुक्रवार को म. प्र. राज्य कर्मचारी संघ के आव्हान और बैनर तले जिला देवास इकाई के द्वारा मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम एक ज्ञापन जिलाधीश के माध्यम से दिया गया। ज्ञापन में (शिक्षक पात्रता परीक्षा) टीईटी के संबंध में उच्चतम न्यायालय के फैसले पर सरकार द्वारा रिव्यू पिटीशन लगाने की मांग की गई।

राज्य कर्मचारी संघ के समस्त पदाधिकारीगण , कार्यकर्तागण एवं जिले के अधिकांश शिक्षकगण भोपाल चौराहे से रैली के रूप में कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन दिया। ज्ञापन का वाचन राज्य कर्मचारी संघ जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र जोशी ने किया तथा आभार जिला सचिव रविंद्रपाल सिंह तंवर ने व्यक्त किया। ज्ञापन कार्यक्रम में राज्य कर्मचारी संघ प्रदेश अध्यक्ष मंडी प्रकोष्ठ मुकेश चौधरी, राजेश वर्मा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, सहज सरकार प्रदेशमंत्री, जिला उपाध्यक्ष गण दिनेश जिनवाल, धर्मेंद्र पाटीदार, दशरथ सिंह सेंधव, आशुतोष धारीवाल,दिनेश कुमावत शिवनारायण चौधरी,सुदामा श्रीवास , महेश राठौर,दीपक राय, ओमप्रकाश जाधव, राजेश शर्मा, दुर्गेश जाजू,कुलदीप शर्मा, जुगल पटेल,ज्योति वाडेकर, प्रिया शर्मा चेतना चौबे रानी पांचाल छाया वैष्णव, अबीता जॉन, पुरुषोत्तम सिसोदिया, अभिजितसिंह बेस, अजय सिंह गौड़, पुष्पेंद्र सिंह तोमर,दिनेश चौधरी, हजारीलाल चौहान,दिनेश व्यास, श्याम सिंह सेंधव अरुण मिश्रा, धर्मवीरसिंह नरवरिया साबिर शेख, विजय त्रिवेदी, लखन पटेल, जुगल पटेल आदि उपस्थित रहे।

## केंद्रीय कृषि मंत्री की भाजपा नेता जसपाल सिंह अरोरा ने की अगवानी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

केंद्रीय कृषि एवं पंचायत ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान सीहोर कलेक्ट्रेट में दिशा की बैठक में शामिल होने के लिए पहुंचे। इस दौरान सीहोर में भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व जिला पंचायत एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा एवं उनके मित्र मंडल ने उनकी भव्य अगवानी की। अरोरा ने केंद्रीय मंत्री को फूलमाला पहनाई। इस दौरान विभिन्न विषयों को लेकर दोनों के मध्य चर्चाएं भी हुई। भाजपा नेता श्री अरोरा ने बताया कि केंद्रीय कृषि मंत्री एवं हमारे जनप्रिय नेता शिवराज सिंह चौहान सीहोर पहुंचे थे।


इस दौरान उनसे मुलाकात की तो वहीं विभिन्न विषयों पर उनसे मार्गदर्शन भी प्राप्त किया। उनका स्नेह, आशीर्वाद और मार्गदर्शन हमेशा से मिलता रहा है। सीहोर उनका गृह जिला भी है। सीहोर के विकास में उन्होंने कोई कमी नहीं छोड़ी है। अब वे लगातार सीहोर पहुंचकर विकास कार्यों की जमीनी स्थिति भी देख रहे हैं।

## मां कर्मादेवी जयंती महोत्सव पर नगर में आज निकाला जाएगा चल समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

साहू समाज के अध्यक्ष जितेन्द्र साहू एवं महिला मण्डल अध्यक्ष लक्ष्मी साहू ने बताया कि प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी साहू समाज की आराध्य माँ कर्मा देवी की जयंती महोत्सव 15 मार्च रविवार को साहू समाज द्वारा बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी अखलेश राय,विधायक सुदेश राय, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाडा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, सीताराम यादव सदस्य पिछड़ा वर्ग आयोग मध्य प्रदेश शासन, सन्नी महाजन वरिष्ठ भाजपा नेता तुलसीराम पटेल, वरिष्ठ समाज सेवीका नमिता अखिलेश राय, समाज सेवीका अरुणा सुदेश राय सहित गणमान्य नागरिकों की गरिमामय उपस्थिति में कार्यक्रम का समापन होगा। चलसमारोह अध्यक्ष धनराज साहू और चल समारोह महिला मण्डल अध्यक्ष संदीपा साहू ने बताया कि स्थानीय जगदीश मंदिर से दोपहर 3 बजे से शोभा यात्रा प्रारंभ होकर नमक चौराहा होते हुए बड़ा बाजार से मेंन रोड होते हुए जगदीश मंदिर पहुंचेगी।

जहां पर मां कर्मादेवी की आरती एवं सांस्कृति कार्यक्रम के साथ आयोजन का समापन होगा। साहू समाज मीडिया प्रभारी धीरज साहू ने बताया कि इस मौके पर वरिष्ठ समाज सेवियों, महानुभूतियों, मुख्य अतिथियों एवं प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। अपील करने



वालों में प्रमुख रूप से रमेश चन्द्र साहू, डॉ. सीएलसाहू, गिरधर गोपाल साहू, मनीष साहू रामदास साहू, अनूप साहू, संतोष साहू मंडी, राम बदन साहू लक्ष्मीनारायण साहू मण्डी, दिलीप साहू, मनोज साहू, साहू समाज अध्यक्ष जितेन्द्र साहू, साहू समाज महिला मण्डल अध्यक्ष लक्ष्मी साहू,चल समारोह अध्यक्ष धनराज साहू, चल समारोह महिला मण्डल अध्यक्ष संदीपा साहू, सचिव स्वपनिल साहू, युवा कार्यकारिणी अध्यक्ष धर्मेश साहू,उपाध्यक्ष नीरज साहू, सहसचिव राज साहू,मीडिया प्रभारी धीरज साहू, कोषाध्यक्ष चेतन साहू, महिला मण्डल सचिव सुनीता साहू,महिला मण्डल उपाध्यक्ष कृष्णा साहू,महिला मण्डल कोषाध्यक्ष ऊषा साहू सहित साहू समाज के सभी पदाधिकारी व वरिष्ठजन शामिल हैं।